# FULL STOP - 27

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ जितना याद में रहेंगे उतना किसी भी प्रकार की हलचन को अचल बना सकते हैं। **नथिंग न्यू - यह पाठ सदा पक्का रहे तो हलचल हो ही नहीं सकती। साइडसीन को देखकर रूकेंगे नहीं, आगे बढ़ते जायेंगे।** ऐसे बहादुर हो ना। हिम्मते बच्चे मददे बाप। जो भी कुछ होता है। साइडसीन है। साइडसीन के कारण मंजिल को नहीं छोड़ा जाता। चलते चलो पार करते चलो तो मंजिल सदा समीप अनुभव करेंगे। आज यहाँ हैं कल अपने राज्य में होंगे।

➳ _ ➳ वातावरण को पावरफुल बनाने वाले बनो, हिलने वाले नहीं। याद के पावरफुल प्रोग्राम रखो। वाचा सर्विस से भी ज्यादा याद के प्रोग्राम रखने चाहिए। वाणी में भी आने से कहाँ-कहाँ नीचे आ जाते हैं। इसलिए कुछ समय **याद का किला मजबूत बनाकर फिर सेवा के मैदान पर आओ।**

➳ _ ➳ जो बात आती है वह चली भी जाती है, जैसे बात आती है और चली जाती है तो आप समझो यह **साइडसीन आई और चली गई। वर्णन भी नहीं करो । सोचो भी नहीं इसको कहा जाता है फुल स्टाप। ।**
(15.04.1981)

---

➢➢ NOTHINE NEW अर्थात

➳ _ ➳ कोई SURPRISE / आश्चर्य नहीं

➳ _ ➳ कोई Anxiety / बेचैनी नहीं

➳ _ ➳ No Fear

➳ _ ➳ कोई प्रशन नहीं

→ यह क्यों ? / यह क्या ?

➳ _ ➳ यह व्यर्थ से मुक्त सम्पूरंता की स्थिति है

→ Complete Soul Consciousness

- यह देह झूठन के झूठन का भी झूठन है..

---

➢➢ NOTHING NEW का समबन्ध किस किस बात से है ?

➳ _ ➳ वैराग

→ इस संसार में देखने जैसा कुछ भी नहीं है

➳ _ ➳ परिस्थिति

→ यह पहले कई बार आ चुकी हैं

- इस परिस्थिति को हम अनेकों बार पार कर चुके हैं

→ परिस्थिति आई है चले जाने के लिए

- **NOTHING IS PERMANANT IN LIFE**

→ हाय हाय को वाह वाह में परिवर्तित कीजिये

→ प्रतिकूल परिस्थितियों में ही सम्पूरण बना जाता है

➼ _ ➼ समय

→ अतीत को भुलाइये

- हर बात पर फुल स्टॉप लगाइए

→ वर्तमान

- **Take One Day At A Time & Make It A Masterpiece**

→ भविष्य

- अज्ञात का भय मत रखिये

➼ _ ➼ व्यक्ति

→ जो व्यक्ति जीवन में आ रहे हैं, वो पहले भी आये थे...

➼ _ ➼ माया

→ हम कल्प कल्प मायाजीत बने हैं

➼ _ ➼ स्थान

→ इसी स्थान पर रहकर ही हम कल्प पहले सम्पूरण बने थे

→ हम इस वक़्त जहां हैं, हमें वहीँ होना चाहिए....

➼ _ ➼ प्रकृति

→ कल्प कल्प यही प्राकृतिक आपदाएं आई थी

→ हम कल्प कल्प प्रकृतिजीत बने हैं

➼ _ ➼ शारीरिक बीमारी

→ ज्यादा से ज्यादा क्या होगा :- मर ही जाऊँगा ना